Semester 2 registration form 07.03.2024

स्नातक समेस्टर – II के छात्र-छात्राओं के लिए

आवश्यक सूचना

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के पत्रांक डी.एस.डब्लू / 1068/पी.पी.यू. /2024 दिनांक 07/03/2024 के आलोक में स्नातक समेस्टर II के छात्र-छात्राओं का विश्वविद्यालय पोर्टल पर Admission & Registration Form (विषय चयन) दिनांक 11/03/2024 से 18/03/2024 तक आनलाईन भरा जाना है।

स्नातक समेस्टर || के विद्यार्थी विश्वविद्यालय पोर्टल पर विषय चयन में यह ध्यान रखेंगे कि विभाग में विषय चयन हेतु जमा किये गये प्रपत्र में जो विषय भर कर Mid Term Exam दिये हैं, वही विषय विश्वविद्यालय पोर्टल पर भरना है।

विश्वविद्यालय पोर्टल पर भरे गये फार्म की हार्ड कापी अपने विभाग में जमा किया जाएगा। ध्यान रहे कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि के अन्दर हीं हार्ड कापी जमा हो जाय। निर्धारित तिथि के बाद जमा करने वाले विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय पोर्टल पर विषय अपडेट नहीं किया जाएगा। जो छात्र-छात्रामहाविद्यालय के Mid Term परीक्षा में शामिल नहीं हुए हैं, ऐसे छात्र-छात्राओं का विश्वविद्यालय पोर्टल पर नामांकन अपडेट नहीं किया जाएगा।

उक्त तथ्य के आलोक में विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि विभाग के छात्र-छात्राओं का विश्वविद्यालय पोर्टल पर भरे गये विषय का हार्ड कापी विभाग में जमा लेगे। विद्यार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय पोर्टल पर भरे गये विषय तथा पूर्व में विभाग में जमा किये गये विषय चयन संबंधी प्रपत्र में समानता होनी चाहिए। इस कार्य हेतु विद्यार्थियों का एकत्रित सूची (Consolidate List of student and subject) अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से विभाग को उपलब्ध करा दिया गया है। जो छात्र Mid Term परीक्षा नहीं दिये हैं, ऐसे छात्रों को विभाग चिन्हित कर विद्यार्थियों की एकत्रित सूची पर अंकित कर देंगे। क्योंकि ऐसे छात्रों का परीक्षा अंक विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपडेट नहीं हो पायेगा। उक्त प्रक्रिया पूरी होने के बाद विश्वविद्यालय पोर्टल पर Mid Term परीक्षा का अंक अपलोड होगा। इस कार्य हेतु नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में विभाग से प्राप्त संशोधित एकत्रित सूची के आधार पर Marks Foil भेजा जाएगा। विस्तृत सूचना हेतु पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के पत्रांक डी.एस.डब्लू. /1068/पी.पी.यू. /2024 दिनांक 07/03/2024 तथा इस पत्र के साथ संलग्न आवश्यक निर्देश एवं Subject basket का अवलोकन आवश्यक है।

Notice ID: AN24030701